दिनांक 6 अगस्त 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

टीकाकरण के लिए अभूतपूर्व उत्साह बरकरार , कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण आवश्यक , गुरुवार को निर्धारित किए गए 39 केंद्रों में 6561 लोगों ने लगवाया कोविड का टीका

भिलाईनगर / कोविड के टीका का प्रथम एवं द्वितीय डोज वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर टीकाकरण केंद्रों में लगाया जा रहा है! कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण बेहद आवश्यक है! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए यह जरूरी है कि टीका के प्रथम खुराक के बाद दूसरी खुराक का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए और वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर दोनों खुराक पूर्ण कर लिया जाए! गुरुवार को 9 सेंटर में कोवैक्सीन एवं 30 सेंटर कोविशिल्ड के लिए निर्धारित किए गए थे जिसमें 18 से अधिक उम्र समूह के 4375 लोगों ने तथा 45 वर्ष एवं अधिक के उम्र समूह के 2186 लोगों ने टीकाकरण करवाया , इस प्रकार कुल 6561 लोगों ने गुरुवार को टीका लगवाया! निर्धारित केंद्रों में प्रथम एवं द्वितीय डोज का टीका लगाया जा रहा है, जहां नागरिक पंजीयन के आधार पर शेड्यूल निर्धारित करते हुए केंद्रों तक पहुंच रहे हैं! हालांकि विद्यालयों के खुलने के बाद से अब भिलाई के कई केंद्रों को परिवर्तन करना पड़ा है बावजूद लोग टीकाकरण के लिए नवीन केंद्रों तक पहुंच रहे हैं! इधर फ्रंटलाइन में शामिल मीडिया साथियों ने गुरुवार और शुक्रवार को प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम के आश्रय स्थल में पहुंचकर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये टीका लगवाया। अधिकतर पत्रकार साथियों ने द्वितीय डोज का टीका लगवाया। मीडिया साथियों के लिए जिला प्रशासन एवं निगम भिलाई ने टीकाकरण की व्यवस्था की थी। अधिकतम मीडिया साथियों ने बताया कि व्यवस्तता एवं अन्य कारणों के चलते अपने और परिवार का टीकाकरण नहीं करवा पा रहे थे! प्रशासन के द्वारा टीकाकरण के लिये व्यवस्था की गई जिसमें परिजन को भी टीका लगवाने साथ लेकर पहुंचे थे। टीका लगवाने के बाद कोविड प्रोटोकॉल के मुताबिक आधा घंटा ऑब्जरवेशन का पालन किया जा रहा है। मीडिया साथियों ने कहा कि प्रथम डोज लगने के बाद दूसरे डोज की भी व्यवस्था आसानी से हो रही है। पत्रकारों को टीकाकरण कराने में वेरिफिकेशन के लिए सोनम साहू का विशेष योगदान रहा! गौरतलब है कि पूरे कोरोना कॉल में कोविड की रोकथाम के लिए मीडिया बंधुओं ने लोगों को जागरूक करते हुए सूचनाएं एवं संदेश प्रसारित कर संक्रमण को थामने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है!

जनसम्पर्क अधिकारी